श्री वीरेन्द्र सिंह: डिप्टी स्पीकर साहब, भानू इंडस्ट्री को पांच फीडर्ज से बिजली सप्लाई हो रही है। मैं बिजली मंत्री चौ. शमशेर सिंह सुरजेवाला जी से बड़े अफसोस के साथ यह कहना चाहूंगा कि कागजों में केवल तीन फीडर ही दिखाई गए हैं दो फीडर्ज तो कागजों में दिखाए ही नहीं गए हैं। इस तरह से लाखों और हजारों यूनिटस बिजली चोरी हो रही है। इस बात की यह जांच पड़ताल करवा सकते हैं, इनके पास इंजीनियर्ज हैं। इनको पता लग सकता है कि हर रोज कितनी बिजली चोरी हो रही है। दूसरी तरफ उसी भानू इंडस्ट्री के बिल्कुल सामने हरियाणा कनकास्ट फैक्टरी को बिजली नहीं मिल रही, वह बिजली के बिना तरस रही है और बड़े जबरदस्त लौस में है। हरियाणा कनकास्ट हिसार और भानू इंडस्ट्री दोनों एक जैसा ही काम करती हैं। भानू इंडस्ट्री के प्रोपराइटर ने यह बताया कि अब उस इंडस्ट्री का टर्नओवर 15 करोड़ रूपए का है और दो साल के बाद 100 करोड़ रूपए हो जाएगा। डिप्टी स्पीकर साहब, दो साल के बाद 100 करोड़ को टर्नओवर इसलिए होगा क्योंकि उसको लगातार 24 घंटे और मुफ्त बिजली सप्लाई हो रही है। इसके अलावा, डिप्टी स्पीकर

साहब, मैं यह भी कहना चाहता हूं कि चौ. भजन लाल जी के दामाद माडल टाउन हिसार में रह रहे हैं। उनके घर पर भी तीन फीडर्ज की लाईन बिछाई गई है और उसके घर पर भी 24 घंटे बिजली रहती है। लेकिन उनके पड़ोस में, जिनके बच्चे पढ़ने की एज में हैं और जिनके एग्जाम चल रहे हैं, उनके घर में बिजली नहीं होती। वे बेचारे लैम्प या लालटेन और मोमबत्ती की रोशनी में पढ़ते हैं। डिप्टी स्पीकर साहब, इनके दामाद को या इनको पढ़ने वाले बच्चों के बारे में क्या पता। चौ. भजन लाल जी के दामाद की शादी 3 या 4 साल पहले हुई थी, या तो हमारी बेटी के अभी बच्चा पैदा हुआ नहीं होगा, अगर पैदा हुआ भी होगा तो बहुत छोटा होगा। जिन मां बाप के बच्चे बड़े हैं और पढ़ रहे हैं, वे बिजली के लिए तरसते हैं उनको रात को बिजली नहीं मिलती है लेकिन दूसरी तरफ इनके दामाद के घर में 24 घंटे बिजली रहती है। (शोर)

सिंचाई तथा बिजली मंत्री (चौ. शमशेर सिंह): उपाध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट आफर आर्डर है। चौ. वीरेन्द्र सिंह जी खुद सिंचाई तथा बिजली मंत्री रहे हैं और काफी समय तक रहे हैं तथा काफी समझदार भी हैं। उपाध्यक्ष महोदय, 16 जनवरी, 1985 से ऐसे ऐगुलेटरी मैयर्ज लिए हैं जिनमें किसी जगह पर 24 घंटे बिजली सप्लाई होने का सवाल ही पैदा नहीं होता। (शोर एवं विघ्न) अब इनको तकलीफ हो रही है क्योंकि इनकी गलत बात का पर्दाफाश हो रहा है। डिप्टी स्पीकर साहब, ये आज सुबह से गलत

बात कह रहे हैं। इनको किसी भी बात के बारे में सही जानकारी नहीं है। डिप्टी स्पीकर साहब, 16 जनवरी, 1985 से हम तीन जोन बनाकर बिजली सप्लाई कर रहे हैं और 6 घंटे से ज्यादा बिजली किसी को भी नहीं दी जा रही है। किसी जगह पर भी बिजली की चोरी नहीं हो रही है। डिप्टी स्पीकर साहब, 224 के.वी. के जो सब–स्टेशन हैं, उनका स्विच आफ कर दिया जाता है और दूसरे जोन में बिजली सप्लाई की जाती है। इसलिए जिस सब–स्टेशन का स्विच आफ कर दिया जाता है उससे आगे बिजली सप्लाई होने का सवाल ही पैदा नहीं होता। यह बात हमारी समझ में नहीं आती कि स्विच आफ करने के बाद बिजली कैसे सप्लाई हो जाएगी? हरियाणा के किसी भी टाउन में और किसी भी इलाके में 24 घंटे बिजली की सप्लाई नहीं है। माननीय सदस्य ने पता नहीं यह बात कैसे कह दी कि माडल टाउन हिसार में मुख्य मंत्री जी के दामाद के घर में और उनकी इंडस्ट्री को लगातार 24 घंटे बिजली सप्लाई हो रही है? इनकी बात बिल्कुल बेबुनियाद और गलत बात है। इससे ज्यादा गलत बात और हो नहीं सकती। इसके अलावा, इन्होंने एक अखबार का जिक्र भी किया। इन्होंने स्टेटमैंन अखबार के बारे में कहा कि उसमें यह छपा है। मैं अपने माननीय सदस्य की बताना चाहूंगा कि जो कुछ स्टेटमैंन अखबार में छपा है, उसी अखबार ने यह भी छापा था कि जो बात माननीय सदस्य ने कही है वह बात गलत छप गई थी।

श्री वीरेन्द्र सिंह: डिप्टी स्पीकर साहब, मैं अर्ज कर रहा था कि मुख्यमंत्री जी के दामाद के घर में बिजली सप्लाई करने के लिए तीन लाइनें पहुंचाई गई है और उन लाईनों को वी.आई.पी. लाईनें बोला जाता हैं। मैं भी किसी जमाने में सिंचाई तथा बिजली मंत्री रहा था, चौ. रिजक राम जी भी सिंचाई तथा बिजली मंत्री रहे थे, उनके बाद श्री मेहर सिंह राठी भी बने, उनके बाद हमारे माननीय अध्यक्ष सरदार तारा सिंह जी भी बने और आज के दिन चौ. शमशेर सिंह सुरजेवाला जी सिंचाई तथा बिजली मंत्री हैं। इकने घरों में कभी भी वी.आई.पी. लाईन से बिजली की सप्लाई नहीं हुई है। लेकिन मुख्यमंत्री जी के दामाद के घर में वी.आई.पी. लाईन से बिजली की सप्लाई हो रही है। (शोर)

चौ. शमशेर सिह सुरजेवाला: उपाध्यक्ष महोदय, हरियाणा प्रान्त में ऐसा कोई भी बिजली का कनैक्शन वी.आई.पी. के नाम से नहीं है और न ही बिजली बोर्ड में कोई ऐसी बात है जहां पर वी.आई.पी. के नाम कोई कनैक्शन दिया गया हो।

श्री वीरेन्द्र सिंह: डिप्टी स्पीकर साहब, आप मेरे बारे में रिकार्ड चैक कर लें, कभी भी मैंने अपने घर में बिजली सप्लाई करवाने के लिए कोई वी.आई.पी. फीडर लगवाया हो, कभी भी नहीं लगवाया लेकिन श्री अनूप सिंह बिश्नोई के घर में 24 घंटे बिजली सप्लाई करने के लिए वी.आई.पी. लाइन पहुंचाई गई है और उनके घर में फराटे से बिजली पहुंच रही है और पंखे चलते हैं। (शोर)

श्री भलेराम: डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर यह है कि ये अपने भाशण में कह रहे थे कि सारे हरियाणा में बिजली कहीं नहीं मिलती। शायद इनको यह पता नहीं होगा कि जब बिजली बंद हो जाती होगी तो उस मालिक के घर में जनरेटर होते होंगे जिनके जरिये वह अपना काम चलाता होगा। (शोर एवं विघ्न)

श्री उपाध्यक्ष: यह कोई प्वायंट आफ आर्डर नहीं है।

श्री ओम प्रकाश महाजन: डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा एक प्वायंट आफ आर्डर है। मैं हिसार के अन्दर रहता हूं और वहां से एम.एल.ए. भी हूं। (विघ्न) जिन इण्डस्ट्री का ये जिक्र कर रहे हैं, वह हिसार से चार किलोमीअर के फासले पर है। (शोर एवं विघ्न) जो भी ये बातें इस बारे में कह रहे हैं, वह सरासर गलत कह रहें। (शोर एवं विघ्न)

श्री वीरेन्द्र सिंह: मैं अर्ज कर रहा था कि आज के दिन हरियाणा का किसान बिजली के लिए तड़प रहा है और ये किस प्रकार से लूट मचा रहे हैं, ये किस प्रकार से बिजली की चोरी करवा रहे हैं, इसके बारे में हम क्या कहें? अब मुख्यमंत्री जी ने प्रधान मंत्री के नक्शे–कदम पर चलने की कोशिश की है। अब इन्होंने भी ब्यान देने शुरू कर दिये हैं कि हरियाणा में भी स्वच्छ प्रशासन दिया जायेगा। इनके एक ओ.एस.डी. थे। उनकी अब इन्होंने छुट्टी कर दी है क्योंकि उनकी बहुत बदनामी हो रही थी।

इस प्रकार से इन्होंने स्वच्छ प्रशासन देने के लिए इकतदामात उठाए हैं। स्टेटसमैन अखबार ने लिखा है कि केवल ओ.एस.डी. को छुट्टी पर भेजने से स्वच्छ प्रशासन नहीं आएगा। इस बारे में मैं केवल इतना ही कह सकता हूं कि इस देश में एक प्रथा रही है। जैसे पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्म दिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है, श्रीमती इन्दिरा गांधी के जन्मदिन को एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है, डा. राधा कृश्ण के जन्म दिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसलिए मैं चाहता हूं कि हरियाणा मैं भी चौ. भजन लाल के जन्म दिन के भ्रश्टाचार विरोधी दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए। इस दिवस को मनाने के लिए तारीख चौ. भजन लाल जी मुकरर्र कर दें, क्योंकि मैंने आज तक जितनी भी हू–इज–हू पढ़ी हैं, उन सबमें इनकी शिक्षा के बारे में और जन्म तिथि के बारे में अलग अलग पढ़ने को मिला है। अब कौन सी तारीख को भ्रश्टाचार विरोधी दिवस मनाया है, यह आप बता दें।

चौ. भजन लाल: डिप्टी स्पीकर साहब, मैं इसका क्या जवाब दूं। जवाब देते हुए मुझे लज्जा आती है। ये पुराने मैम्बर हैं। कम से कम इनका तो परमात्मा को ध्यान में रख कर ही कोई बात कहनी चाहिए। (विघ्न) आप डिफैक्टर की बात की कहते हैं। मैं इन्हें बताना चाहूंगा कि छाज तो बोले पर छलनी भी बोलें? (शोर) चौ. देवी लाल ने, जिनको ये अपना पिता समझते हैं, 24 बार पार्टी बदली है। इनके जो लीडर चौ. चरण सिंह हैं, उन्होंने

भी 25 बार पार्टी बदली है। जिनको ये अपना दादा समझते हैं। (शोर एवं विघ्न)

चौ. बलबीर सिंह ग्रेवाल: डिप्टी स्पीकर साहब, इन्होंने चौ. चरण सिंह के बारे में कहा कि इतनी बार चौ. चरण सिंह ने पार्टी बदली है। मैं इन्हें बताना चाहूंगा कि चौ. चरणी सिंह ने जितनी बार पार्टी बदली है, उतनी बार नैशनल लैवल की पार्टी बनाई। आज भी हमारी पार्टी नैशनल लैवल की पार्टी है। आज हमारी पार्टी डी.एम.के.पी. है। इससे पहले हमारी पार्टी का नाम लोक दल था और लोक दल से पहले बी.के.डी. हमारी पार्टी का नाम था। हमारी सारी पार्टीज रिकोगनाईज्ड थीं। (शोर एवं विघ्न)

चौ. भजन लाल: मैं हाउस में हर बार कहता हूं कि जब भी हाउस द्वारा बैठेगा, तो आप लोग किसी और पार्टी में होंगे और ऐसा ही होता है। (शोर)

चौ. बलबीर सिंह ग्रेवाल: आप नैशनल लैवल की तो क्या, प्रदेश लैवल की ही पार्टी बनाकर और से रिकोगनाईज करा कर दिखा दो। (शोर एवं विघ्न)

चौ. भजन लाल: आप लोगों ने हर सैशन में पार्टी बदली है। इस बात का सैशन गवाह है, प्रैस वाले गवाह है और दूसरे लोग गवाह हैं।

श्री वीरेन्द्र सिंह: आज गवर्नर महोदय के अभिभाशण पर बोलते हुए चौ. ईश्वर सिंह जी ने और श्री ओम प्रकाश महाजन

जी ने हरियाणा प्रान्त का बड़ा गुणगान गया। ओम प्रकाश जी ने तो एक श्लोक भी सुनाया। इन्होंने वह श्लोक गलत पढ़कर सुनाया है। इन्होंने बताया है कि यह श्लोक 1384 विक्रमी सम्वत् की एक शिला पर लिखा हुआ हे जिसमें हरियाणा का जिक्र किया गया है। डिप्टी स्पीकर साहब, इन्होंने इस श्लोक को ठीक ढंग से लिखकर नहीं पढ़ा। ये आर.एस.एस. आर्गेनाईजेशन के काफी सक्रिय कार्यकर्ता रहे हैं। आर.एस.एस. के कार्यकर्ता होने के नाते इसमें थोडे बहुत ऐसे कुछ संस्कार हैं। इन्होंने यह कहा है कि हरियाणा वह भूमि है जिसका गुणगान सम्वतः 1384 विक्रमी में भी था। अफसोस हमें इस बात का है कि हरियाणा के मुख्यमंत्री चौ. भजन लाल हैं। आज इनके हाथों में हरियाणा सेफ नहीं रहा है। आज से तीन महीने पहले से ये एक राग अलापने लगे हैं कि जब देश पर कोई संकट आता है तो बड़ी से बड़ी कुर्बानी देने से पीछे नहीं हटना चाहिए। ये अपने आप को एम्बौडीमैंट आफ सैक्री–फाईसिज समझते हैं। अगर किसी का जीवन देखना है तो चौ. भजन लाल जी को देखो। ये अब कहते लग गए है कि पंजाब समस्या का एकमात्र समाधान यह है कि हरियाणा को पंजाब में मर्ज कर दो। जब हम यूनाइटिड पंजाब में थे तो उस समय भी पानी के बंटवारे के लिए चीखो–पुकार होती थी। उस समय हमारे साथ सौतेली मां जैसा व्यवहार हुआ करता था। डिप्टी स्पीकर साहब, इस समय हमारे बहुत पुराने कुछ साथी हाउस में बैठे हैं और कुछ गैलरी में बैठे हुए हैं। वे लगातार यह मांग करते थे कि हमें हमारा उचित हिस्सा मिले। उस समय वे बार–बार कहा करते थे कि हमारे साथ

सौतेली मां जैसा व्यवहार हो रहा है। उस समय प्रदेश के मुख्यमंत्री सरदार प्रताप सिंह कैरों थे और उस समय बाकायदा दो कमेटियां बनी थीं, एक हिन्दी रीजनल कमेटी और दूसरी पंजाबी रीजनल कमेटी और हिन्दी रीजन इसलिए बनाया गया था कि वहां पर भी पैसे खर्च किया जाए। पानी की डिस्ट्रिब्यूशन के लिए भी तीन कमेटियां बनी थीं। एक फूड कमेटी थी, दूसरी प. श्रीराम शर्मा के नाम से थी और तीसरी कमेटी श्री वाही, चीफ इंजीनियर के नाम से बनी थी। पहले भी हमें पानी कम मिलता था। उस कमेटी ने रिपोर्ट दी थी कि हरियाणा रिजन को कम पानी मिलता है, इनको पानी का हक मिलना चाहिए। मैं पूछना चाहता हूं कि जब यूनाइटिड पंजाब में कुछ नहीं मिलता था तो अब हरियाणा को पंजाब में मर्ज करवाने के बाद आपको कहां से पानी मिलेगा और कैसे पानी की इस समस्या का हल हो जाएगा?

चौ. भजन लाल: समाधान कैसे होगा, वह हम आपको बता देंगे।

श्री वीरेन्द्र सिंह: आप किस कैपिसिटी से यह ब्यान दे रहे हैं कि हरियाणा का पंजाब के साथ मर्जर कर दिया जाये। आप केवल श्री भजन लाल जी नहीं हैं। इस वक्त आप बदकिस्मती से यहां के मुख्यमंत्री हैं। अगर आपने ब्यान देना है और उस ब्यान की इम्पोटैंस देखनी है तो रिजाईन फर्स्ट, फिर ब्यान दीजिए, वरना आपका ब्यान नहीं माना जाएगा। डिप्टी स्पीकर साहब, मैं कांग्रेस पार्टी के मैम्बरान से कहना चाहता हूं कि वे बतायें कि क्या वे

मर्जर से मुत्तफिक हैं? बतायें चौ. शमशेर सिंह जी, क्या वे मर्जर के लिए मुत्तलिक है? हाउस में सब मन्त्रिगण बैठे है, चौ. इन्द्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह सुपुत्र चौ. बसी लाल बैठे हैं, ये बतायें कि क्यावे मर्जर के हक में हैं? जहां तक मेरी पार्टी का सवाल है, जो मैम्बर साहेबान विपक्ष में इधर बैठे हैं, वे हंडर्ड परसैंट मर्जर के खिलाफ हैं। इसके खिलाफ जितनी कुर्बानी हमसे दी जा सकेगी, हम देंगे और हरियाणा का मर्जर नहीं होने देंगे। (घंटी) डिप्टी स्पीकर साहब, आपने घंटी बजा दी, मैं थोड़ी देर में बैठने वाला हूं। डिप्टी स्वीकर साहब, इन्होंने एस.वाई.एल. के बारे में फरमा दिया कि यह नहर दो सालों में पूरी कर देंगे। 31 दिसम्बर, 1981 के एग्रीमैंट के मुताबिक हमें जो पानी मिलता था, मुख्यमंत्री महोदय ने उस पानी को घटा दिया। फिर भी दीपावली मनाई गई, सारे हरियाणा में लाईट जलाई गई और कहा कि बड़ा भारी मोर्चा मार लिया इन्दिरा गांधी की बलैसिंग लेकर। इस मौके पर चौ. भजन लाल जी ने फरमाया कि एक साल में हरियाणा की चप्पा चप्पा भूमि को पानी पहुंच जाएगा और नहर खुद जायेगी। स्वर्गीय श्रीमती इन्दिरा गांधी खुद उद्घाटन करने के लिए आई थी। उद्घाटन किए हुए सन् 1984 गुजर गया और अब सन् 1985 में पहुंच गए, लेकिन अभी तक नहर का नामोनिशान तक नहीं है। डिप्टी स्पीकर साहब, यह जो एड्रैस गवर्नमैंट की तरफ से गवर्नर साहब ने पढ़ा है, यह नीरस है, गुमराह करने वाला है, इसलिए हम इसका समर्थन नहीं करते। इन शब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हुआ अपना स्थान ग्रहण करता हूं।

मास्टर शिव प्रशाद (अम्बाला शहर): उपाध्यक्ष महोदय, राज्यपाल के अभिभाशण पर जो बहस इस समय सदन में हो रही है, मैं भी अपने विचार प्रकट करने के लिए खड़ा हुआ हूं। सबसे पहले मैं स्वर्गीय श्रीमती इन्दिरा गांधी की मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त करता हूं। इसका दुख केवल हम लोगों को ही नहीं, देश के हर एक व्यक्ति को है। इस देश की प्रधानमंत्री को जिस तरीके से मारा गया, इसका दुख देश के हर वासी को है। देखना यह है कि ऐसे हालात क्यों पैदा हुए और किस वजह से हुए।

श्री उपाध्यक्ष: मास्टर शिव प्रशाद जी, मैं आपको बता देता हूं कि स्पीकर साहब ने इस प्वायंट पर कल रूलिंग देनी है। इसलिए इस पर बात न करें तो अच्छा है।

मास्टर शिव प्रशाद: ठीक है जी। गवर्नर साहब ने अपने भाशण में शिक्षा पर बोलते हुए पृश्ठ 17 पर कहा है–

''शिक्षा किसी भी प्रगतिशील समाज की मूलभूत आवश्यकता है। मेरी सरकार शैक्षिक सुविधाएं लोगों को सुलभ कराने के लिए कदम उठा रही हैं। प्राथमिक मिडल और उच्च/उच्चतर माध्यमिक स्तरीय शैक्षिक सुविधाएं क्रमशः, 1, 2.2 और 2.85 किलोमीटर के घेरे में उपलब्ध करवा दी गई है। मेरी सरकार ने 6–14 वर्श आयु वर्ग में 85.5 प्रतिशत भर्ती करने में सफलता पाई है।

डिप्टी स्पीकर साहब, स्कूल की बिल्डिग्ज बना देने से शिक्षा का प्रसार होगा था विद्यार्थियों को लाभ होगा। ऐसी बात नहीं हैं। ऐसे बहुत से स्थान हैं जहां गावों में रहने वाले बच्चों को पांचवी कक्षा पास करने के बाद मिडल और हाई स्कूल की शिक्षा प्राप्त करने के लिए पांच–पांच, सात–सात किलोमीटर पैदल जाना पड़ता है। तीन–चार किलोमीटर जाना तो आम बात है। यही बात मैंने पिछले सैशन में कही थी और शिक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री के नोटिस में लाया था। हल्का कालका में एक गांव है खेतपराली। इस गांव से मिडल स्कूल साढ़े 4 किलोमीटर पड़ता है। मेरी सरकार से गुजारिश है कि इस प्राईमरी स्कूल को मिडल स्कूल बनाया जाए। इसके अलावा 7 प्राइमरी स्कूल हैं जिनके बच्चों को पांचवीं कक्षा पास करने के बाद 7 किलोमीटर दूर रम्बेवाली के हाई स्कूल में जाना पड़ता है। दस–दस, पन्द्रह–पन्द्रह बच्चे हाई स्कूल में जाने वाले होते हैं, 7 किलोमीटर की दूरी होने के कारण इनमें से एक–आध बच्चा ही जा पाता है। इस प्रकार की और भी बहुत सी जगहें होगी जिनमें इस प्रकार की कठिनाई का सामना करना पड़ता है। मैं मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से गुजारिश करूंगा कि कि वे डिपार्टमैंट के आफिसर साहेबान को हिदायत दे कि वे इस तरफ ध्यान दे कि जहां इस प्रकार की स्थिति हो, वहां प्राइमरी स्कूल को मिडल और मिडल स्कूल को हाई स्कूल बना दें। इसके साथ ही साथ मैं यह भी कहना चाहता हूं कि ठीक है, स्कूल बना दो लेकिन इसके बाद इसकी मेन्टेनैंस पर ध्यान दिया जाना चाहिए। आज कई स्कूल ऐसी हालत में हैं जिनकारे बनाने

के बाद दोबारा देखने को समय ही नहीं निकाला जाता। आप स्कूलों की बिल्डिंग की छतों को देखें, वर्शा के दिनों में बच्चों को बैठने के लिए टाट भी मुयस्सर नहीं हैं। मिसाल के तौर पर मैं एक दो स्कूल बता देना चाहूंगा। अम्बाला शहर जो असैम्बली हल्का है, इसमें एक गांव है कुंडली। इस स्कूल की बिल्डिंग भी नहीं है। एक पुरानी धर्मशाला में बच्चे पढ़ते हैं। जब बच्चों को स्कूल का वातावरण ही नहीं मिलेगा, अध्यापक–अध्यापिकाओं को बैठने के लिए स्थान ठीक नहीं होगा, स्कूल के आसपास का वातावरण पढ़ाई के उपयुक्त नहीं होगा तो बच्चों की शिक्षा कैसे दी जा सकती है। इसी प्रकार का एक और स्कूल है जिसकी छत बरसात के दिनों में चोती है। बच्चों को बैठते के लिए जगह नहीं मिलती। सरकार को इस तरफ विशेश ध्यान देना चाहिए।

डिप्टी स्पीकर साहब, शिक्षा के बारे में कुछ बातें ऐसी हैं जिनके बारे में मैं कुछ सुझाव देना चाहूंगा। सरकार ने कालेजिज का एडमिनिस्ट्रेशन करने के लिए एक अलग डायरैक्टोरेट बनाया है जबकि कालेजिज की संख्या बहुत थोड़ी है और इसके दूसरी तरफ प्राइमरी से लेकर 10वीं तक के स्कूलों की संख्या बहुत भारी है। इतने स्कूलों को डिपार्टमैंट द्वारा कंट्रोल करना बड़ा मुश्किल है। इसलिए मेरा सुझाव है कि जिस तरीके से कालेजिज की तरक्की के लिए एक अलग डायरैक्टोरेट बनाया है, उसी प्रकार प्राइमरी शिक्षा के लिए एक अलग डायरैक्टोरेट बनाया जाना चाहिए ताकि प्राइमरी के बच्चों को प्राइमरी स्तर की शिक्षा

ठीक ढंग से दी जाए क्योंकि शिक्षा का बेस वही है जो प्राइमरी स्कूल के स्तर पर बच्चों का बन जाता है लेकिन इस तरफ ध्यान नहीं दिया जाता। दूसरी बात यह है कि इस डिपार्टमैंट के हर छोटे कर्मचारी को यह अहसास हो कि उसने प्रमोशन होती है, वह डिपार्टमैंटल प्रमोशन होनी चाहिये ताकि डिपार्टमैंट के हर छोटे कर्मचारी को यह अहसास हो कि उसने प्रमोशन लेकर डी.पी.आई. की पोस्ट तक जाना है। लेकिन ऐसा नहीं है। इनके ऊपर कोई आई.ए.एस. आफिसर बैइा दिया जाता है। पता नहीं वह 6 महीने डी.पी.आई. की पोस्ट पर रहेगा भी या नहीं रहेगा, इसके बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता और इसलिए वह व्यक्ति किसी भी योजना में कोई सुधार नहीं ला सकता। अगर उसी डिपार्टमैंट के किसी व्यक्ति की इस पोस्ट पर प्रमोशन हो जाती है तो डिपार्टमैंट के लिए भी और शिक्षा के प्रसार क लिए भी लाभदायक है। पिछले सैशन में मैंनें डी.ई.ओ. के बारे में एक सुझाव दिया था। एक डी. ई.ओ. के अंडर 60 स्कूल, किसी के अंडर 30 स्कूल, सिकी के अंडर 25 स्कूल होते हैं। स्कूलों की यह बांट ठीक नहीं है, यह एरिया के मुताबिक होनी चाहिए। इतना ज्यादा फर्क नहीं होना चाहिये। डी.ई.ओ. का सैन्टर भी उस एरिया के स्कूलों के बीच में होना चाहिये ताकि वह अपने केन्द्र से स्कूलों की इन्स्पैक्शन आसानी से कर सके और स्कूल की व्यवस्था ठीक रह सके। एक और महत्वपूर्ण बात है। गवर्नमैंट स्कूलों में जो अध्यापक हैं, उनके बारे में एक बहुत बड़ी समस्या डिपार्टमैंट के सामने हर साल आती है। वह है ट्रांसफर की समस्या। ट्रांस्फर्ज को कम करने के लिये

मेरा एक सुझाव है जो मैंने पहले भी दिया था और आज फिर दे रहा हूं। सुझाव यह है कि मान लो, मेरी एप्रोच है और एप्रोच के कारण में दस पन्द्रह सालों से शहर में बैठार हूं और इसके साथ ही मुझे सिटी अलाऊंस मिलता है। इसके दूसरी तरफ एक भाई जिसकी एप्रोच नहीं है, वह गांव में जायेगा लेकिन उसको सिटी अलाऊंस नहीं मिलेगा वह बस में बैठकर दो घंटे रोजाना आने जाने में खराब करता है। उसकी दौड़ धूप होती है। फाईनैशियल लौस जब होता है तो हर व्यक्ति सोचता है कि वह वहां जाएगा जहां फाईनैन्शियली फायदा हो। गांव में काम करने वाले अध्यापकों को इंसैटिव देने के लिए अगर विलेज अलांउस दे दिया जाए तो वे लोग ट्रांसफर के लिए नहीं सोचेंगे। ऐसा करने से एक बहुत बड़ा मसला हल हेा सकता है। उपाध्यक्ष महोदय, बोर्ड का जो रिजल्ट आता है उसमें हम कया देखते हैं? उस रिजल्ट में से अगर प्राईवेट स्कूलों का रिजल्ट निकाल दिया जाए तो बोर्ड का रिजल्ट कया रहेगा यह मुझे बताने की जरूरत नहीं है। हर मां बाप ज्यादा काम करने वाले बेटे का अधिक ध्यान रखत हैं लेकिन प्राईवेट स्कूलों के बारे में यह सरकार ऐसा नहीं कर रही है। प्राईवेट स्कूलों का रिजल्ट बढ़िया आता है लेकिन वहां काम करने वाले अध्यापकों केा गवर्नमैंट स्कूलों के अध्यापकों के बराबर फैसिलिटीज नहीं मिलती जबकि कोठारी कमीशन की सिफारिश है कि प्राईवेट स्कूलों के अध्यापकों को भी गवर्नमैंट स्कूलों के अध्यापकों के बराबर सहूलियतें मिलें। अब तक 21 के करीब डी.ए. की किस्तें अनांउस हो चुकी हैं लेकिन बड़े बड़े प्राईवेट स्कूलों के

अध्यापकों को भी अभी तक 11–12 किस्तों से ज्यादा नहीं मिल पाई हैं, छोटे प्राईवेट स्कूलों की तो बात ही क्या है। अब आप अन्दाजा लगाएं कि कितना अन्तर है? उपाध्यक्ष महोदय, गवर्नर ऐड्रैस में लड़कियों की शिक्षा के बारे में काफी चर्चा है। यह तो मुख्यमंत्री जी और शिक्षा मंत्री जी को पता होगा कि लड़कियों के स्कूलों का हमारे यहां क्या हाल है? (घंटी) उपाध्यक्ष महोदय, मैं अपनी पार्टी की तरफ से पहला वक्ता हूं, कृपया इस बात का ख्याल रखें। अभी भी मैंने दूसरे विशयों पर भी बोलना है।

17.00 बजे

श्री उपाध्यक्षः मास्टर जी, केवल 15 मिनट का समय फिक्स किया गया है।

मास्टर शिव प्रशादः उपाध्यक्ष महोदय, अगर डा. मंगल सेन जी यहां होते तो वे ज्यादा समय लेते। वे चूंकि यहां नहीं हैं इसलिए मैं बोल रहा हूं।

श्री उपाध्यक्षः बिजनैस ऐडवाइजरी कमेटी की मीटिंग में डा. साहब ने 10 मिनट के समय को बढ़वा कर 15 मिनट करवाया था।

मास्टर शिव प्रसादः उपाध्यक्ष महोदय, प्राईवेट स्कूलों को सरकार ने 75 परसैंट ग्रांट दी है लेकिन मैं सुझाव देना चाहता हूं कि अगर 95 परसैंट ग्रांट दे दी जाए तो भी सरकार को कोई घाटा नहीं है। (विघ्न) आज प्राईवेट स्कूलों में जो फीस ली जा

रही है उसे यदि डी.ई.ओ. रैगुलेराइज कर दे तो 95 परसैंट ग्रांट देने से एक पैसा सरकार को अपने पास ले अधिक नहीं देना पड़ेगा। अम्बाला शहर के बारे में पहले भी मैंने एक सुझाव दिया था। वहां लड़कियों का एक हायर सैकेंडरी स्कूल है। लेकिन कोई कालेज नहीं है। बिल्डिंग बेकार पड़ी है। अगर गवर्नमैंट कालेज वहां बना दिया जाए तो बेहतर रहेगा। उपाध्यक्ष महोदय, बलदेव नगर कैम्प में एक को–ऐजुकेशन हाई स्कूल है। उसमें 1800 से ज्यादा बच्चे हैं। पिछले दिनों सड़क के ऊपर एक बच्चा मारा गया था। मैंने सुझाव दिया था कि बलदेव नगर कैम्प में जो प्राईमरी स्कूल है, जिसकी बिल्डिंग भी काफी बड़ी है, उसे यदि लड़कियों का मिडल स्कूल बना दें तो हाई स्कूल में लड़कियों की स्ट्रैंग्थ कम हो जाएगी और बच्चों की पढ़ाई भी ठीक चल सकेगी।

गवर्नर साहब के अभिभाशण में पीने के पानी मल निकास योजनाओं और शहर की डिवैल्पमैंट के बारे में भी कहा गया है। मुझे इसको पढ़कर हैरानी हुई क्योंकि वास्तव में आज हरियाणा के जो शहर हैं, वे गांव से भी बदतर होते जा रहे हैं। उनकी मेनटेनैंस यह सरकार नहीं कर पाती। शायद 31 अक्तूबर, 1979 को अम्बाला शहर में नहर का पानी लाने के लिये ऐस्टिमेंट पास हुआ था। आज साढ़े पांच वर्श के करीब हो गए हैं लेकिन एक भी टैंक मुकम्मल नहीं हो पाया। कोई पाईप लाईन नहीं बिछी और पानी को फिल्टर करने का इंतजाम नहीं हो पाया। आज वहां बुरा हाल है। पीने का पानी लेने के लिए सुबह 2.3 और 4 बजे

बड़ी बड़ी लम्बी लाईनें लगी होती है। उपाध्यक्ष महोदय, आप अन्दाजा लगाएं कि पीने का पानी जब सर्दी के दिनों में ही लोगों को नहीं मिला हो तो आने वाले गर्मी के दिनों में क्या स्थिति होगी। उपाध्यक्ष महोदय, यही नहीं, आज तक अम्बाला शहर से गन्दा पानी और बरसात का पानी निकालने की योजना इम्पलीमैंट नहीं हो पाई है। 1966 में जब हरियाणा बना था, उस समय वहां की म्युनिसिपल कमेटी पर जनसंघ का कब्जा था लेकिन यह कह कर कमेटी को तोड़ा गया था कि यह शहर सारे हिन्दुस्तान भर में गन्दा है, लेकिन आज 1985 है। उस समय से लेकर आज तक नगरपालिका के चुनाव नहीं हुए। आज शहर की स्थिति यह है कि किसी सड़क से आप चले जाएं, एक भी सड़क आपको साबत नहीं मिलेगी। नालों के किनारे से चले जाएं, कोई गन्दगी से भरा न हो ऐसा नाला आपको नहीं मिलेगा। आज अम्बाला शहर की बड़ी दुर्दशा है।

मुख्यमंत्री जी, शायद आपको याद होगा, आपने 11 या 12 फरवरी, 1980 को अम्बाला शहर में हस्पताल का शिलान्यास किया था। रेजिडैंशियल क्वार्टर्ज तो बन गए हैं लेकिन हस्पताल की बिल्डिंग की एक ईट भी नहीं लगाई गई है। लगभग 5 वर्श पूरे ही गए हैं। दूसरी जगहों पर जहां हस्पतालों का शिलान्यास बाद में हुआ था, वे मुकम्मल हो चुके हैं लेकिन अम्बाला शहर में जो एक डिस्ट्रिक्ट हैडक्वार्टर है हस्पताल की बिल्डिंग को एक भी ईट नहीं रखी गई। मुख्यमंत्री जी कृपया इस ओर ध्यान दें।

इसी तरह से मुख्यमंत्री जी, अब आप अम्बाला में मिनी सैक्रिटेरियेट का नींव पत्थर रखने गए थे तो आप ने कहा था कि बलदेव नगर कैम्प में, जो चण्डीगढ़ से दिल्ली जाते हुए अम्बाला से पहले रास्ते में आता है, मिनी बस अड्डा बनाया जाएगा लेकिन वह भी अभी तक नहीं बना। वह भी यदि शीघ्रातिशीघ्र बन जाए तो लोगों की दिक्कत दूर हो सकती है।

गवर्नर महोदय ने अपने अभिभाशण में बहुत सी बातें कहीं हैं। यह बात ठीक है कि सरकार ने कुछ योजनाएं ऐसी बनाई हैं जिनके तहत गरीब लोग भैंसे आदि खरीदने के लिए कर्जा ले सकते हैं। लेकिन उपाध्यक्ष महोदय लोगों को न तो सही तरीक से लोन मिल रहा है और न ही उसकी रिकवरी हो रही है। मैंने पिछली बार भी यह बात कही थी कि कांग्रेस के एक वर्कर जागीर सिंह जी हैं। उन्होंने कबीर हैंडलूम के ना से काम करने के लिए हरियाणा फाईनैन्शियल कारपोरेशन से 70 हजार रूपये का लोन लिया था और अब वह इंट्रैस्ट मिलाकर डेढ़ लाख रूपये बन चुका है। कई बार इत्तलाह आने के बाद जब तहसीलदार ने उनको पकड़वाया तो दो तीन बार किसी से टैलीफोन चले गए और उसे छोड़ दिया गया और भी कई ऐसे केसिज होंगे लेकिन मैंने उदाहरण के तौर पर इस केस को बताया है। उपाध्यक्ष महोदय, यह भी देखने में आया है कि कुछ पैसा दे करके लोन ले लिया जाता है, लेकिन जिस काम के लिए वह लिया जाता है, उस काम पर खर्च नहीं होता। ऐसे लोग लोन वापस करने का इरादा भी

नहीं रखते। इसलिए मेरा सुझाव है कि सही आदमियों को बिना कोई पैसा खर्च किए लोन मिलना चाहिए और उसकी रिकवरी भी समय पर होनी चाहिए।

स्वच्छ प्रशासन के बारे में भी गवर्नर साहब ने अपने ऐड्रैस में जिक्र किया है। उपाध्यक्ष महोदय, आप भली भांति जानते हैं कि जब कोई व्यक्ति किसी पौधे को लगाता है, उसे सींचता है, उसकी परवरिश करता है और पौधा जब बड़ा हो जाता है तो उसके फल भी चखता है। अगर उस आदमी को कहा जाए कि वह उस पौधे को उखाड़ दे तो वह उखाड़ नहीं सकता। यही बात मुख्यमंत्री चौ. भजन लाल जी पर लागू होती है। उपाध्यक्ष महोदय, आपको याद होगा, आप तो उस समय सदन में नहीं थे, 1980 में श्री भजन लाल जी अपने सभी साथियों के साथ जनता पार्टी से कांग्रेस पार्टी में चले गये थे। सही तौर पर करप्शन वहीं से शुरू हुई। जिस पौधे को इन्होंने स्वयं लगाया हो, सींचा हो और जिसके फलों का आनन्द भी ये ले चुके हैं और ले रहे हैं, उस करप्शन को अब खत्म कर दिया जाएगा यह नामुमकिन सी बात होगी। किसी एक अफसर को बदल देने से करप्शन खत्म हो जाएगी, ऐसी बात नहीं है। करप्शन खत्म करने और स्वच्छ प्रशासन देने के लिए तो थोड़े सख्त कदम उठाने पडेंगे। यह काम इन्हें अपने से शुरू करना पडेगा, तब कहीं जाकर नीचे के कर्मचारियों पर कोई प्रभाव पड़ेगा।

उपाध्यक्ष महोदय मैं एक बात और कहना चाहता हूं। सैन्ट्रल गवर्नमैंट की ओर से चण्डीगढ़ से जगाधरी तक के लिए रेलवे लाईन मंजूर की है और इसी तरह से चन्डीगढ़ से लुधियाना तक के लिये भी रेलवे लाईन मन्जूर हुई है। चन्डीगढ़ से लुधियाना तक जमीन ले ली गई है। अगर हरियाणा सरकार भी चन्डीगढ़ से जगाधरी तक रेलवे लाईन के लिए जमीन एक्वायर करके दे दे तो वहां पर रेलवे लाईन बन सकती है और लोगों को काफी सुविधा हो सकती है। एक बात और भी कहना चाहता हूं। हमारे यहां अम्बाला जिले में बरसाती नदियां हैं जो बहुत ज्यादा नुकसान करती हैं। यह नदियां लोगों की खेती तथा घरों तक को उजाड़ देती हैं। टांगरी और मारकण्डा नदियां अम्बाला जिले से गुजरती हैं लेकिन इनका पानी अम्बाला जिले के किसानों को नहीं मिलता। वह पानी तो आगे चला जाता है और हमारे जिले के लोगों हमारे जिले के लोगों का नुक्सान करता है। टांगरी नदी पर बान्ध बनाने की सरकार की योजना थी लेकिन अभी तक वह स्कीम कार्यान्वित नहीं हुई। अगर इस नदी पर बान्ध लगा कर उसके पानी को रोक दिया जाए तो अम्बाला जिले के लोगों को जो नुक्सान होता है, वह भी नहीं होगा और जो जमीन पानी के बिना प्यासी है, उसे भी पानी मिल जायेगा। अगर किसी जगह पर पीने के पानी की आवश्यकता है तो वह भी दिया जा सकता है। इस बारे में गवर्नर एड्रैस में कहीं भी जिक्र नहीं है। हर साल अभिभाशण पेश किया जाता है लेकिन अम्बाला जिले की डिवैल्पमैंट के बारे में कोई विशेश ध्यान नहीं दिया जाता। मैंने

यह सुझाव अम्बाला जिले के बारे में हरियाणा गवर्नमैंट के सामने इसलिये रखा है क्योंकि इसका अभिभाशण में कहीं भी जिक्र नहीं है। अम्बाला जिले के साथ सौतेली मां का सलूक होता है। जब कोई डिवैल्पमैंट का काम होना हो तो नहीं होता है। अम्बाला जिले को बिल्कुल इग्नोर किया जा रहा है। मेरा बोलने का मकसद यही है कि अम्बाला जिले की डिवैल्पमैंट की ओर सरकार ध्यान दें क्योंकि राज्यपाल महोदय ने अभिभाशण में इस जिले की डिवैल्पमैंट के बारे में कोई जिक्र नहीं किया है। इसीलिए मुझे यहां जिक्र करना पड़ा है। इन शब्दों के साथ मैं इस अभिभाशण का विरोध करता हूं।

चौ. रोशन लाल आर्य (छछरौली): आदरणीय उपाध्यक्ष महोदय, माननीय गवर्नर साहब ने जो अभिभाशण 6 मार्च को दिया, उसके ऊपर धन्यवाद का प्रस्ताव श्री ईश्वर सिंह जी की ओर से आया है। मैं इस धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। जो अभिभाशण सदन में पेश किया गया उसमें कहा गया है कि हमारा देश बहुत ही संक्रामक काल से गुजर रहा है। (इस समय सभापतियों की सूची में से एक सदस्य, श्री इन्द्र सिंह नैन, पदासीन हुए) सभापति महोदय, मैं तीसरे प्वायंट के विशय में एक छोटी सी बात कहना चाहूंगा। आज देश में इस किस्म की ताकतें बढ़ती जा रही हैं जिनके कारण किसी भी व्यक्ति का जान–माल सुरक्षित नहीं है यहां तक कि प्रधान मंत्री को मारकर विदेशी ताकतों ने यह दिखाने की कोशिश की है कि इस

देश को नश्ट करेंगे। लेकिन हमारे देश के लोगों ने इस बाम का सबूल दिया कि हम किसी भी साजिश केा ना–काम कर सकते हैं, किसी भी ाडयन्त्र को भांडा फोड़ सकते हैं। आज के दिन नई शक्ति, नई ताकत, एक नौजवान प्रधान मंत्री को दी है। (विघ्न) आप जो बातें कह रहे हैं ये प्राइमरी स्कूल के बच्चे भी नहीं करते। आपको कोई भी बात जिम्मेदारी से कहनी चाहिए। इस अभिभाशण में बहुत बड़ी बात कही गई है। हमारे पड़ौसी राज्य के बारे में आप सभी लोग जानते हैं कि वहां पर पिछले दिनों अशान्ति का वातावरण रहा, लेकिन हमारी सरकार ने बड़ी हिम्मत और बहादुरी के साथ अपने प्रान्त के वातावरण को ठीक रखा। आप इस बात पर सोचिए कि जब बराबर के मकान में आग लग रही हो और कोई व्यक्ति अपने घर में आग न लगने दे तो इससे बड़ी बहादुरी की मिसाल और क्या हो सकती है। (विघ्न) आप जो बात मेरे विशय में कह रहे हैं, यह कहने का आपको कोई हक नहीं है। फिर भी मैं आपके मन की बात को साफ कर देता हूं। हम लोग कांग्रेस में शामिल हुए। उसके तुरन्त बाद ही चुनाव हुए। मेरे अपने हल्के में 26 हजार वोटों से कांग्रेस के नुमायन्दे को लीड दी। उस लीड का कारण यह था कि जो मैंने कदम उठाया, उसको मेरे हल्के की जनता ने ठीक समझा। (विघ्न) आप लोगों के ठेकेदार क्यों बने हुए हो। मेरे हल्के में कोई भी लीडर गया हो तो बता दें। मेरे हल्के के लोगों ने एक मिसाल कायम की है।

चौ. बलवीर सिंह ग्रेवाल: आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर। सभापति जी, आनरेबल मैम्बर ने यह बताया कि मैंने अपने हल्के से 26 हजार वोटों से कांग्रेस को जिताया है। क्या वे इस कारण से ज्यादा पापुलर हो गये कि वे दल बदल कर आये थे?

चौ. रोशन लाल आर्य: सभापति जी, जिस तरीके से हमारे सारे देश में अहिंसा का जबरदस्त माहौल पैदा हुआ, उसके बाबजूद भी हमारे प्रदेश में शान्ति कायम रही और हरियाणा के अन्दर जो अल्पसंख्यक लोग थे, उन्हें सुरक्षा प्रदान की गई। इस पर हमारे विपक्ष के लोगों को सरकार का आभार प्रकट करन चाहिए। अगर नागरिकों की जान–माल सुरक्षित है, इसका आपको बुरा नहीं मानना चाहिए। आपको अच्छी बातों को मान लेना चाहिए।

इसके अलावा बहुत सी प्राकृतिक बाधायें भी हमारे विकास के कार्यो में आ रही हैं। जैसे भाखड़ा नहर के बारे में आप सभी लोग जानते हैं कि उसे दो बार तोड़ा गया लेकिन उसके बाद सरकार ने अपनी ओर से पूरा प्रबन्ध किया। आज भी हमारे प्रान्त में पानी का संकट है, चाहे नहर का पानी है, चाहे पीने का पानी है, इन समस्याओं का सरकार पूरी ताकत के साथ मुकाबला कर रही है और किया भी है। (विघ्न) सभापति जी, सन् 1984–85 का वर्श छठी पंचवर्शीय योजना का अन्तिम वर्श है। (विघ्न) सभापति जी, अब मुसीबत तो यह हो गई कि इन लोगों को मैं प्राइमरी क्लास से कैसे पढ़ाना शुरू करूं। (विघ्न)

श्री हीरा नन्द आर्य: आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर। रोशन लाल आर्य जी दिन दुगनी रात चौगुनी तरक्की कर रहे हैं। (हंसी)

Mr. Chairman: Arya Sahib, you are speaking without permission of the Chair. Please sit down. आनरेबल मैम्बर साहब को बोलने दीजिए। आप शान्ति से सुनें।

चौ शमशेर सिंह सुरजेवाला: आन ए प्वायंट आर्डर, सर। चेयरमैन साहब, ये सब रोशन लाल आर्य जी से ईर्श्या कर रहे हैं क्योंकि इन लोगों को तो कांग्रेस में आने का मौका मिला नहीं, अब ये आ भी नहीं सकते क्योंकि एन्टी डिफैक्शन बिल पास हो चुका है। ये इसलिए इन्ट्रप्ट कर रहे हैं ताकि ये अपनी बात न कह सकें।

चौ. कुलबीर सिंह मलिक: आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर। चेयरमैन साहब, मैं यह कहना चाहता हूं कि हाउस में राम भी है यानी कर्नल राम सिंह जी हैं। लक्षमण भी है क्योंकि श्री लछमन सिंह जी हैं और अब हनुमान जी भी आ गये। अब ये सीता को क्यों न ले आयें जिसको ये घपली कहते थे। (हंसी)

श्री सभापति: यह कोई प्वायंट आफ आर्डर नहीं है। कृपया आप बैठिए।

चौ. रोशन लाल आर्य: चौ. कुलबीर सिंह वाली बात के बारे में भी मैं बताऊंगा। सभापति जी अगली पंचवर्शीय योजना में

प्रावधान किया गया है कि पानी का प्रबन्ध पूरी तरह से किया जायेगा। हरियाणा जनता को गर्व करना चाहिए और प्रतिपक्ष के लोगों को ताइद करनी चाहिए कि सरकार ने विकास की योजनायें लागू की हैं। विपक्ष का फर्ज है कि सही काम का समर्थन करें और अपनी जिम्मेदारी को समझें। सरकार ने मेवात एरिया की डिवैल्पमैंट के लिए एक मेवात डिवैल्पमैंट बोर्ड बनाया है। मेरा कहना यह है कि हमारे प्रदेश में और भी ऐसे क्षेत्र हैं, जिनकी तरफ खास तवज्जह देने की आवश्यकता है। हमारे प्रदेश के विकास के कार्य का अगर आगे बढ़ाना है तो उनकी तरफ भी ध्यान देना आवश्यक हे। मेरे जिले में एक घाड़ का इलाका है चेयरमैन साहब, मैं आपके द्वारा मुख्यमंत्री महोदय का ध्यान इस बात की ओर आकर्शित करना चाहूंगा कि बहुत से लोग जो अम्बाला जिले की सब–माऊंटेनियस बैल्ट में रहते हैं, ये बरसात के दिनों में, गर्मी और सर्दी के दिनों में बहुत परेशान होते हैं। वे बेचारे झोंपड़ियों में रहते हैं। उनको बहुत ज्यादा कश्ट उठाना पड़ता है, आप लोगों ने अखबार में भी पढ़ा होगा। नारायणगढ़ से लेकर छछरौली तक की बैल्ट जिसमें सढ़ौरा भी आता है, वहां पर झोंपड़ियों में रहने वाले ऐसे लोग हैं जिनकी झोपड़ियां बरसात के दिनों में बह जाती हैं। गर्मियों के दिनों में वह झोंपड़ियां भट्टी की तरह गर्म हो जाती हैं। इसलिए मेरा कहना यह है कि उनक लिए भी मेवात डिवैल्पमैंट बोर्ड की तरह से कोई संस्था बना दी जाये ताकि उस बैल्ट का विकास हो सके। अगर सरकार चाहे तो हाउसिंग बोर्ड वहां पर कालोनियां बना सकता है। कोई न कोई

ऐसी व्यवस्था की जाये जिस के तहत वहां के पिछड़े और कमजोर वर्ग के लोगों के रहते की ठीक से व्यवस्था हो सके। (व्यवधान व शोर)

बैठक का स्थगन

मुख्यमंत्री (चौ. भजन लाल): आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर। चेयरमैन साहब, मैं आपसे यह रिक्वैस्ट करूंगा कि सदन के माननीय सदस्यों के कहिये कि मेहरबानी करके जरा शान्ति से सुनें। जब ये बोलते हैं तो हमारी तरफ से कोई सदस्य बोलता नहीं है। (व्यवधान व शोर)

श्री वीरेन्द्र सिंह: * * * * (व्यवधान व शोर)

चौ. भजन लाल: जब आप गलत बोलते हैं तब। (व्यवधान व शोर) चेयरमैन साहब, आप से प्रार्थना यह है कि यह सदन है। (व्यवधान व शोर) यह कोई स्कूल नहीं है। * * * * लोगों ने आप को चुनकर भेजा है। सारा प्रदेश आपकी तरफ देख रहा है। (व्यवधान व शोर) (चौ. धीरपाल सिंह की ओर से व्यवधान) * * * * (व्यवधान व शोर)

चौ. बलवीर सिंह ग्रेवाल: * * * *

चौ. भजन लाल: तुम्हारा यह क्या तरीका है, बीच में बोलते हैं। इस तरह से क्या बोलना चाहिये? (व्यवधान व शोर)

आप बैठ जाइये। आप मेहरबानी करके बैठ जाइये। मैं प्वायंट आफ आर्डर पर खड़ा हूं। हाउस को हाउस समझें।

(इस समय बहुत से माननीय सदस्य एक साथ बोलने लग गये।)

Mr. Chairman: Please sit down. (Interruptions). I say please sit down.

चौ. बलवीर सिंह ग्रेवाल: * * * * (व्यवधान व शोर)

श्रीमती चन्द्रावती: आप इस तरह से कैसे एक मैम्बर को धमका सकते हैं। * * * * (व्यवधान व शोर)

श्री सभापति: आप बैठिये। सब बैठिये। (व्यवधान व शोर)

चौ. भजन लाल: * * * * (व्यवधान व शोर) क्या बोलते हैं, इन्होंने हाउस को मजाक बना रखा है।

(At this stage, Mr. Speaker occupied the Chair.)

Mr. Speaker: Please sit down. I say sit down.

श्रीमती चन्द्रावती: * * * * (व्यवधान व शोर)

श्री अध्यक्ष: चौ. धीरपाल सिंह जी, बैठिये, मिस्टर हुड्डा, बैठिये। निर्मल सिंह आप भी बैठिये। सारे बैठिये। (व्यवधान व शोर)

The House is adjourned for 10 minutes.

(That House adjourned for 10 minutes at 5.24 p.m. and re-assembled at 5.34 p.m.)

श्री अध्यक्ष: मैं हाउस को और दस मिनअ के लिए एडजर्न करता हूं।

The House again adjourned for 10 minutes at 5.40 p.m. and re-assmbled at 5.44 p.m.)

प्वायंट आफ आर्डर –

सदन के किसी सदस्य द्वारा किसी अन्य सदस्य को सदन में धमकी देने या धमकाने सम्बन्धी

श्रीमती चन्द्रावती: स्पीकर सर, बात यह है कि जिस ढंग से मुख्यमंत्री जी ने धमकी दी है उसके लिये उनको इस हाउस में सामने माफी मांगनी चाहिये। जो उनका यहां बोलने का ढंग था, ऐसा मैंने अपनी जिन्दगी में कभी नहीं देखा। मेरी आप से प्रार्थना यह है कि आप मुख्यमंत्री जी से कहें कि वे जैसचर दिखाकर हाउस के सामने माफी मांगे। एक आनरेबल मैम्बर को धमकी देना, मुख्यमंत्री जी को शोभा नहीं देता, यह कोई अच्छी बात नहीं है। ऐसा करने से हाउस की कोई गरिमा नहीं रहती, हाउस का कोई स्टैंडर्ड नहीं रहता। यह कोई अच्छी रिवायात नहीं है, कोई अच्छी कन्वैन्शान नहीं है। उनके मन में जो आता है खड़े होकर कह देते हैं। स्पीकर सर, जो बातें उन्होंने कही हैं, वे बड़ी औबजैक्शनेबल

है, इसलिये उनको इस हाउस से माफी मांगनी चाहिये। स्पीकर साहब, मैं आपकी रूलिंग भी चाहती हूं कि क्या वे इस तरह कह सकते हैं?

श्री अध्यक्ष: मैं इस पर सोचकर @रूलिंग दूंगा।

श्री मंगल सैन: स्पीकर साहब, जिस वक्त यह घटना घटी, उस वक्त मैं हाउस में नहीं था। मुख्यमंत्री महोदय को जब कभी इनके दल बदल की बात कही जाए तो झट से ये उन नेताओं का नाम ले देंगे जो नेता सदन में उपस्थित नहीं हैं। स्पीकर साहब, आपकी इस बारे में कई बार रूलिंग भी आई है कि जो व्यक्ति यहां उपस्थित न हों, उसके बारे में कुछ भी न कहा जाए। कई बार आप अधिकारियों के बारे में भी रोक देते हैं कि जो भाई एच.सी.एस. अफसर हैं, आई.ए.एस. अफसर हैं, इम्पलाई हैं, वे अपने आप को हाउस में डिफैन्ड नहीं कर सकते, इसलिए उनके बारे में कुछ मत कहिये। इन्होंने पार्टी के नेताओं पर झटपटी मुहारनी रटी हुई है, जैसे चौपाल पर खड़े होकर कह दिया वैसे ही यहां पर कह दिया। स्पीकर साहब, आप भी थोड़ा–सा इनको समझाइए, वैसे तो यह आप के काबू में भी नहीं आने वाले।

श्री अध्यक्ष: मैं तो सबको समझाने की कोशिश कर रहा हूं।

श्री मंगल सैन: मगर इनको ज्यादा समझाइये।

श्री अध्यक्ष: सबको समझाऊंगा।

मुख्यमंत्री (चौ. भजन लाल): अध्यक्ष महोदय, मैं भी एक मिनट लूंगा। बहन चन्द्रावती जी ने और डाक्टर मंगल सैन जी ने भी कुछ कहा। प्रचार करने के लिए तो यह बहुत अच्छी बात है लेकिन कम से कम इन पर ये मेहरबानी करके अमल करके तो दिखायें? हमें हाउस की मर्यादा को कायम रखना चाहिए। डाक्टर साहब, आप तो हाउस में थे ही नहीं, अब आये हैं। आपको उस बात का पता ही नहीं है। मैं इतनी बात कह सकता हूं कि ज्यों ही रोशन लाल आर्य जी बोलने के लिये खड़े हुये तो इन्होंने उनका एक शब्द भी पल्ले नहीं पड़ने दिया कि वे क्या कह रहें है। 10 मैम्बर साहेबान उधर की साईड से बोल रहे थे।

श्रीमती चन्द्रावती: आपकी साईड से भी तो बोलते रहते हैं।

चौ. भजन लाल: हमारी तरफ से कोई नहीं बोल रहा था। कम से कम 10 मैम्बर आपकी तरफ से भी बोल रहे थे। पहले आप आर्य साहब की बात सुनिये। कोई बात कहनी हो तो बात में उसका जवाब दीजिये। जब आप बोल रहे थे तो हमने आपकी बातों को शान्ति से सुना। जब हमें कहने का मौका मिलेगा तो हम बताएंगे और पूरा जवाब भी देंगे। चौ. वीरेन्द्र सिंह जी ने बड़ी ही बेबुनियाद बातें कहीं, फिर भी हमने उनकी बातों की शांति से सुना। मैंने उनको कहा था कि बातें कहीं, फिर भी हमने उनकी

बातों को शान्ति से सुना। मैंने उनको कहा था कि हम जब बाद में जवाब देंगे तो आपको भी हमारी बातें सुननी पड़ेगी। जब हमें मौका मिलेगा, हम बताएंगे लेकिन यह कोई तरीका नहीं है कि बीच में ही एक आदमी को टोकते रहें। स्पीकर साहब, मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं और साथ ही इस सदन से आपके द्वारा प्रार्थना करना चाहता हूं कि इस हाउस की मर्यादा को कायम रखा जाना चाहिये। आप डेढ़ दो लाख लोगों के नुमांइदे यहां पर चुनकर आये हुए हैं। लोग आपको यहां पर देख रहे हैं, वे लोग क्या कहते होंगे? अगर हमारा ऐसा ही किरदार रहेगा तो लोग क्या कहेंगे? (शोर)

श्री मंगल सैन: स्पीकर साहब, जहां पब्लिक मीटिंग में कहीं डेमोक्रेसी और असूलपरस्ती का मामला आता है, वहां पर हरियाणा का जिक्र अवश्य आता है।

श्री वीरेन्द्र सिंह: स्पीकर साहब, मुख्यमंत्री महोदय ने कई बातें कहीं और डैकोरम की बात भी कही। बड़े अफसोस की बात है, स्पीकर साहब, आप तो उठकर चले गये थे और डिप्टी स्पीकर साहब यहां पर आसीन थे। जब मैं बोल रहा था, उस वक्त चौ. भजन लाल जी को मिर्चे लग गयीं, वे एक दम खड़े हुए। (शोर) मैंने कहा साहब, मैं अपनी बात कर रहा हूं। आपको जवाब देने का मौका मिलेगा। आपने यह डिबेट वाईड अप करनी है लेकिन ये नहीं माने। फिर चौ. शमशेर सिंह जी खड़े हो गये और मुझे 10 मिनट तक इंट्रप्ट किया। उसके बाद भले राम जी, जोकि

मेरे बहुत अच्छे मित्र हुआ करते थे। उनको भी आज जोश आ गया, मैरी तरफ बढ़ते आए, अगर ये दो तीन मैम्बर न होते तो पता नहीं क्या होता। (विघ्न व शोर)

श्री अध्यक्ष: प्लीज सीट डाऊन। वह बात हो गई है। I have already requested you to please close the matter and let us start with the business now.

श्री वीरेन्द्र सिंह: यह जो थ्रैटनिंग टोन है that is very serious. He is leader of the House. He is the Chief Minister of Haryana. इनकी तरह से किसी मैम्बर को थ्रैटनिंग टोन हो तो वह आम मैम्बर जैसी नहीं मानी जाएगी बल्कि वह चीफ मिनिस्टर की तरफ से मानी जाएगी।

चौ. भजन लाल: यह तो मैंने मुख्यमंत्री के नाते सुन लिया, अगर कोई मुझे भजन लाल के नाते से कह दे तो मैं भी जवाब दे सकता हूं। (शोर व व्यवधान)

Sh. Verender Singh: He will not listen to you Sir, even now. इनकी तरफ से जो थ्रैटनिंग टोन था क्या यह मुख्यमंत्री की ओर से नहीं था?

श्री अध्यक्ष: मैंने आप लोगों को कल को इसलिए बुलाया है कि इस पर सारा सोच विचार करेंगे। Now let us start with the business.

श्री हीरा नन्द आर्य: स्पीकर साहब, मेरा प्वांयट आफ आर्डर है।

Mr. Speaker: No point of order. Please sit down.

श्री राम बिलास शर्मा: * * * *

श्री अध्यक्ष: मेरी इजाजत के बगैर जो कुछ बोला जाएगा, वह रिकार्ड पर नहीं आएगा।

राज्यपाल के अभिभाशण पर चर्चा (पुनरारम्भ)

चौ. रोशन लाल आर्य: स्पीकर साहब, मैं धन्यवाद प्रस्ताव पर बोल रहा था और बीच में कई सदस्य खड़े हो गए। (शोर)

श्री हीरा नन्द आर्य: * * * *

श्री अध्यक्ष: यह कोई प्वांयट आफ आर्डर नहीं है और यह रिकार्ड पर नहीं आएगा। (शोर)

(इस समय विपक्ष के सभी सदस्य खड़े होकर बोलने लग गए और सदन में बहुत शोर था)

चौ. रोशन लाल आर्य: स्पीकर साहब, अभी विधान सभा के उप–चुनावों में इनकी बहुत पिटाई हुई है। मैं इनसे प्रार्थना करूंगा कि ये घींगा मस्ती न करें। (शोर)

श्रीमती चन्द्रावती: स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। स्पीकर साहब, किसी मैम्बर की तरफ, अगर मुख्यमंत्री जी का एटीच्यूड धमकी भरा हो और किसी को पिस्तौल दिखाये तो क्या यह उचित बात है?

मुख्यमंत्री (चौ. भजन लाल): चीफ मिनिस्टर बनने का मतलब यह नहीं कि मैं किसी से गालियां लूं। मैं भी गाली देना जानता हूं। (शोर)

श्रीमती चन्द्रावती: स्पीकर साहब, हम इस तरह की भाशा नहीं सुनेंगे। (शोर)

श्री अध्यक्ष: मैंने बार बार कहा है कि हम कल को इस बारे में बात करेंगे। सभी मैम्बर साहेबान को यह बात माननी चाहिए। (शोर)

एक आवाज: आप चीफ मिनिस्टर को समझाएं, इन्होंने अभी अभी क्या कहा है।

श्री अध्यक्ष: इन्होंने यही कहा है कि अगर कोई गाली देगा तो उसका जवाब तो देना ही पड़ेगा।

श्रीमती चन्द्रावती: आप किसी को गाली देने की इजाजत कैसे देंगे? (शोर)

श्री अध्यक्ष: मैं किसी को गाली देने की इजाजत नहीं देता। (शोर) आर्य जी आप बोलें।

चौ. रोशन लाल आर्य: स्पीकर साहब, अभी जो सरकार ने सिंचाई व्यवस्था का प्रबन्ध किया है, उस विशय में मैं एक और सुझाव देना चाहता हूं। हमारे यहां ताजेवाला से सिंचाई होती है जोकि एक सब–मौनटेनियस बैल्ट है। (शोर)

(इस समय भी विपक्ष के सदस्य खड़े होकर बोल रहे थे और सदन में बहुत शोर था)

***17.56 बजे**

Mr. Speaker: I think the Hon'ble Members are not in a mood to hear. I, therefore adjourn the House till 9.30 a.m. tomorrow.

(The Sabha then *adjourned till 9.30 a.m. tommorrow, the 12th March, 1985.)